प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.........................

- प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना आज से लागू हो रही है–किसानों की फार्मर आई.डी. बनाई जायेगी।
- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास के लिए तीन नई नीतियों को मंजूरी।
- जल ग्रहण विकास के लिए वाटर शेड यात्रा आज से शुरू–राज्यस्तरीय कार्यक्रम बारां में।
- राज्य विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगी।

.........................

प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना आज से लागू हो रही है। इसके तहत किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आई. डी. बनवाने में सहयोग प्रदान किया जाएगा। किसानों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। योजना के तहत हर पंजीकृत किसान को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल जयपुर मे एक कार्यक्रम में किसानों से इन शिविरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने और फार्मर आईडी बनवाने की अपील की।

.........................

फार्मर आईडी बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाये जा रहे है। ये शिविर 31 मार्च तक चलेंगे। हर ग्राम पंचायत पर तीन दिन तक शिविर लगाकर फार्मर आईडी बनाई जायेगी। हमारे बाडमेर संवाददाता ने बताया कि बाडमेर जिले में आज विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे है।

.........................

एग्रीस्टैक योजना से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इनमें पीएम किसान सम्मान निधि किस्त का सरल भुगतान, फसल बीमा का फायदा, फसल खराबे की स्थिति में जल्द पहचान और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए स्वचालित पंजीकरण शामिल हैं। इसके साथ ही ये केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तक किसानों की पहुंच को सरल बनाएगी।

.........................

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास के लिए तीन नई नीतियों को मंजूरी दी गई है। कल जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी लिये गये। पेश है एक रिपोर्ट–

.........................

केंद्र सरकार की ओर से जलग्रहण विकास के लिये वाटरशेड यात्रा का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज से शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत आयोजित इस जलग्रहण यात्रा का विषय ''जल लाए धन–धान्य'' रखा गया है। ये यात्रा बारां जिले की किशनगंज ग्राम पंचायत से शुरू हो रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला स्तरीय श्रमदान, वृक्षारोपण, कलश यात्रा सहित कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे।

.........................

इस आयोजन का उद्देश्य जलग्रहण गतिविधियों की जानकारी जन–जन को देना, इससे होने वाले लाभों के बारे में जागरुक कराना और परियोजना से जुड़ाव सुनिश्चित करना है। यह यात्रा राज्य में दो रथों द्वारा अलग–अलग मार्गों से 214 ग्राम पंचायतों से होकर गुजरेगी। इस कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अवसर पर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। इससे पहले कल कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में अधिक से अधिक लोगों से अभियान से जुड़ने का आग्रह किया।

............................

राज्य विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगी। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण अधिसूचनाएं सदन के पटल पर रखी जाएगी। उप मुख्य मंत्री दीया कुमारी वित्त और आयोजना विभाग की अधिसूचनाएं प्रस्तुत करेंगी वहीं ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर भी महत्वपूर्ण अधिसूचनाएं सदन में पेश करेंगे। इनमें पंचायती राज संस्थाओं में निवर्तमान सरपंच को प्रशासक नियुक्त करने संबंधी अधिसूचना शामिल है। इसके अलावा कई वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे भी पेश किये जायेंगे।

............................

और अब समाचार महाकुंभ से –

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में जाएंगे। इस दौरान वे त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री ने पिछले महीने मन की बात कार्यक्रम में महाकुंभ की विशेषताओं का जिक्र करते हुए कहा था कि ये उत्सव विविधता में एकता का प्रतीक है।

............................

प्रदेश से महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज और रेल्वे की ओर से विशेष व्यवस्थाएं लगातार जारी है। इसी कडी में आज जोधपुर के भगत की कोठी से महाकुंभ मेला स्पेशल रेलगाडी चलाई गई है। ये ट्रेन शाम चार बजे रवाना होगी।

............................